हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
गुरुवार
11 सितंबर 2025, बरेली
PAGE NO.- 06 : MIDDLE

# एमबीबीएस की 50 सीटें और बढ़ीं

**एसआरएमएस**



“बुधवार को एनएमसी ने पत्र भेज कर एसआरएमएस में एमबीबीएस की 50 सीटों की वृद्धि की। इसके लिए एनएमसी और प्रदेश सरकार का आभार जताया। यहां मरीजों के इलाज के लिए 200 चिकित्सक समाज को रोग मुक्त करने के लिए तैयार होंगे।

– **आदित्य मूर्ति**, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन, एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटें और बढ़ गई हैं। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से ये 50 सीटें बढ़ाने की अनुमति मिलने के बाद यहां एमबीबीएस की कुल 200 सीटें हो गई हैं। यह जानकारी एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने दी।

उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में संसाधनों की उपलब्धता के बाद एनएमसी ने चार वर्ष पहले नवंबर 2021 में एमबीबीएस की 50 सीटों की वृद्धि की थी। मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहा कि सीटें बढ़ने से स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी। कहा कि सीटों में वृद्धि कर एनएमसी और प्रदेश सरकार ने जनहित में फैसला किया है। इससे जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी वहीं मरीजों का स्तरीय उपचार भी संभव होगा। चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए सीटों में वृद्धि जरूरी थी। अब मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की कुल 200 सीट हो गई है। अब अधिक संख्या में मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर समाज को स्वस्थ रखने में योगदान दे सकेंगे।